कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 12.04.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में भय मुक्त मतदान का संदेश देने हेतु रूट मार्च निकाला गया।

श्री आलोक श्रीवास्तव पुलिस उपायुक्त पूर्व व श्री राजेश कुमार यादव पुलिस उपायुक्त पश्चिम के सुपरविजन में समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण ,समस्त पुलिस आयुक्तगण तथा समस्त थाना अधिकारीगण, पुलिस लाइन का जाब्ता, क्यूआरटी ईस्ट–वेस्ट, वज्र वाहन व अग्नि वर्षा वाहन आदि का संयुक्त रूप से रूट मार्च निकाला गया।

रूट मार्च रिजर्व पुलिस लाईन से शुरू होकर पावटा सर्कल ,नई सड़क चौराह, जागोरी गेट चौराह, चीरघर मोड़, शास्त्री नगर थाना मोड़, 12वीं रोड चौराह अरोड़ा सर्कल, रातानाडा सर्कल, सर्किट हाउस सर्कल से होते हुए पुनः पुलिस लाईन तक रूट मार्च।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय मुक्त पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से चुनाव संपन्न कराए जाने एवं चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने हेतु रूट मार्च निकालकर आमजन नागरिक को जागरूक किया।

शांतिपूर्वक एवं निर्भय होकर अपने मत का प्रयोग करें यदि कोई मत देने के लिए प्रलोभन या किसी प्रकार की धमकी देता है तो शीघ्र ही पुलिस को सूचित करें जोधपुर पुलिस स्वतंत्र ,निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रभारी
पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।

13-Apr-24